लोक सभा मतदान 2024

# चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद पंजाब में 243.95 करोड़ की नकदी, शराब, ड्रग्गज़ और अन्य कीमती वस्तुएँ ज़ब्त -सिबिन सी

- आदर्श चुनाव आचार संहिता को सख़्ती से लागू करने के लिए अलग-अलग एजेंसियों द्वारा चौकसी और बढ़ाई गई : मुख्य निर्वाचन अधिकारी
- ग़ैर-कानूनी तस्करी रोकने के लिए अंतरराज्यीय नाकों पर 48 हाईटैक सीसीटीवी कैमरे स्थापित
- 13 लोक सभा हलकों में हाईटैक कैमरों वाली 351 गाड़ियों के द्वारा फ्लाइंग स्काड टीमें रख रही हैं नज़र

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल:** लोक सभा मतदान-2024 के मद्देनज़र 16 मार्च से पूरे देश में चुनाव आचार संहिता लागू है और इस दौरान अलग-अलग सुरक्षा और अन्य एजेंसियों की तरफ से पंजाब में कुल 243.95 करोड़ रुपए की नकदी, शराब, ड्रग और अन्य कीमती समान ज़ब्त किया जा चुका है।

इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि पंजाब में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके के साथ मतदान करवाने के लिए सख़्त सुरक्षा प्रबंध किये गए हैं और 16 मार्च से 17 अप्रैल 2024 तक सबसे ज़्यादा 158.76 करोड़ रुपए की नकदी, शराब/ नशीले पदार्थ और अन्य वस्तुएँ पंजाब पुलिस द्वारा ज़ब्त की गई हैं।

सिबिन सी ने आगे बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद 17 अप्रैल तक पंजाब पुलिस ने 2. 49 करोड़ रुपए की नकदी, 7.06 करोड़ रुपए की शराब, 148.21 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ, 25.6 लाख रुपए की कीमती वस्तुएँ और 74.2 लाख रुपए की कीमत वाली अन्य वस्तुएँ ज़ब्त की हैं। इसी तरह राज्य के आबकारी विभाग ने 6.77 करोड़ रुपए की शराब और 2 लाख रुपए के नशीले पदार्थ और बी. एस. एफ ने 19.66 करोड़ रुपए के ड्रग्गज़ और नशीले पदार्थ, 40 लाख रुपए की कीमती वस्तुएँ और 36 लाख रुपए की नकदी ज़ब्त की है।

इसके इलावा 45.92 करोड़ रुपए के ड्रग्गज़ और नशीले पदार्थ, 3.15 करोड़ रुपए की नकदी, 8.84 करोड़ रुपए की कीमती वस्तुएँ और 6 लाख रुपए की कीमत वाली अन्य वस्तुओं को अलग-अलग एजेंसी की तरफ से ज़ब्त किया गया है। इस तरह एक महीने के दौरान यह सारी जब्ती 243.95 करोड़ रुपए बनती है।

उन्होंने कहा कि बीते दिनों भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये आंकड़ों से अनुसार जब्ती के मामले में पंजाब देश भर में पाँचवे स्थान पर रहा। इन आंकड़ों के अनुसार 1 मार्च, 2024 से 15 अप्रैल, 2024 तक पंजाब में 311 करोड़ रुपए की जब्ती की गई है। सिबिन सी ने कहा कि ड्रग, शराब, नकदी और अन्य समान की ग़ैर-कानूनी तस्करी को रोकने के लिए अंतरराज्यीय नाकों पर 48 हाईटैक सीसीटीवी कैमरों के साथ 24 घंटे नज़र रखी जा रही है और राज्य के सभी 117 विधान सभा हलकों में फ्लाइंग स्काड टीमों द्वारा हाईटैक सीसीटीवी कैमरों से लैस 351 गाड़ियों ( हरेक विधान सभा हलके लिए 3 गाड़ियों ) के द्वारा हर समय पर निगरानी की जा रही है और इसकी लाइव फिड सीधी ज़िला और स्टेट मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम को भेजी जा रही है।

सिबिन सी ने आगे बताया कि चुनाव प्रक्रिया को सुचारू ढंग के साथ चलाने के लिए राज्य के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को आदर्श चुनाव आचार संहिता को सख़्ती के साथ लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके इलावा अंतरराज्यीय तालमेल को और मज़बूत करने के साथ-साथ सरहदी जिलों में बी. एस. एफ और अन्य सम्बन्धित एजेंसियों की तरफ से भी चौकसी बढ़ा दी गई है जिससे सरहद पार से आते हथियारों और नशीले पदार्थों पर रोक लगायी जा सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार सारा अमला राज्य में निष्पक्ष और शांतमयी तरीके के साथ मतदान करवाने के लिए वचनबद्ध है और इस सम्बन्ध में हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

## रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुप्रयोग विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के भूगोल विभाग, द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुप्रयोग विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता सहायक प्रोफेसर डॉ. तेजपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और समकालीन भौगोलिक अध्ययनों में उनके महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर अमृत सिंह ,डॉ. कुलविंदर कौर, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. नितांत गौर भी उपस्थित थे।

## बनवारी लाल पुरोहित द्वारा लोगों को राम नवमी की बधाई

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक श्री बनवारी लाल पुरोहित ने भगवान श्री रामजी के जन्मदिन 'राम नवमी' के शुभ अवसर पर पंजाब और चंडीगढ़ के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। आज यहां जारी एक संदेश में श्री पुरोहित ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम सदाचार, नेकी और करुणा के प्रतीक हैं। आइए, हम स्वयं को भगवान श्री राम जी के जीवन द्वारा दर्शाई शिक्षाओं और उनके महान गुणों को आत्मसात करें और अपने जीवन में सत्य, करूणा और एकता को बनाए रखने का प्रयास करें। उन्होंने कामना की कि यह शुभ अवसर सभी के जीवन में समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए।

# मुख्य सचिव ने डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती कार्यक्रम में बाबा साहेब को किया नमन, अर्पित किए श्रद्धासुमन

- सरकारी कर्मचारियों के प्रोफेशनल स्किल को किया जायेगा अपग्रेड
- बाबा साहेब की तरह हमेशा कठिन लक्ष्य लेकर चलें

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद ने बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि बतौर मुख्य सचिव यह उनका पहला पब्लिक समारोह है और संविधान निर्माता के जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। मुख्य सचिव आज यहां भारत रत्न डा. बी आर अम्बेडकर के 133 वें जन्मोत्सव पर हरियाणा सिविल सचिवालय एससी/ एसटी कर्मचारी वेल्फेयर एसोसिएशन चण्डीगढ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में प्रधान सचिव आबकारी एवं कराधान श्री देवेन्द्र कल्याण, विशेष सचिव वित्त श्री जयवीर आर्य, विशेष सचिव पर्सोनल एवं प्रशिक्षण श्री प्रभजोत सिंह, विशेष सचिव कृषि विभाग डा. मुनीष नागपाल, संयुक्त सचिव तरुण पांवरिया, विशेष सचिव प्रशासन संवर्तक सिंह, सीनियर कमांडर योगेश प्रकाश सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित कर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य सचिव ने कहा कि यह बड़े की गर्व की बात है कि बाबा साहेब कोलम्बिया विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले देश के पहले व्यक्ति थे। लन्दन में अर्थशास्त्र की डिग्री हासिल करते समय जिस आवास में वे रहे उसे स्मारक स्थल बनाया गया है। बाबा साहेब ने संविधान द्वारा भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश का दर्जा दिलवाया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के ÷शिक्षित बनो÷ आचरण को आदर्श मानते हुए सरकारी कर्मचारियों के प्रोफेशनल स्किल को अपग्रेड किया जाएगा ताकि प्रदेश का कर्मचारी सबसे अधिक निपुण होकर बेहतर ढंग से जनता की सेवा कर उनके आदर्शों पर खरा उतर सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रदेश के कर्मचारियों को सबसे अधिक निपुण और कामयाब होने का खिताब हासिल होगा। इसके अलावा बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलते हुए समाज को एक सूत्र में पिरोते हुए सामाजिक समरसता और सदाचार पर बल दिया जाएगा। मुख्य सचिव ने कर्मचारियों को सरकार की रीढ बताते हुए कहा कि अगर कर्मचारी एकजुट होकर टीम भावना से जनता की सेवा करें तो प्रदेश का चहुँमुखी विकास सुनिश्चित होगा और देशभर में हरियाणा का और अधिक गौरव बढेगा। वह हमारे लिए बड़ा ही प्रतिष्ठा और गौरवमय क्षण होगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी कार्य के लिए किसी भी समय बेझिझक निर्भय होकर उनसे मिल सकते हैं। इसके लिए उनके द्वार सदैव खुले है।

श्री प्रसाद ने कहा कि बाबा साहेब की तरह हमेशा कठिन लक्ष्य लेकर चलना चाहिए तभी हम हर बाधाओं को पार करते हुए वांछित मुकाम हासिल कर सकते है। बाबा साहेब ने कठिन परिस्थितियों में देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में कार्य किया। इसलिए शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए हमें उच्च शिक्षित होने के साथ साथ अन्य युवाओं को भी शिक्षित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने प्रदेशवासियों को अष्टमी की बधाई दी। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान दीपेन्द्र मलिक, महासचिव मैनपाल सिहाग, आल इंडिया अम्बेडकर महासभा चण्डीगढ के प्रधान सत्यवान सरोहा, चेयरमैन सत्येन्द्र प्रदीप, सुरेश दहिया, नरेश नरवाल, डा. नरेन्द्र, मंजीत कौर, निधि, चरणजीत कौर, धमेन्द्र सिहं, सुरेश मोरका, हरिकिशन शर्मा, कर्मबीर बरवाल सहित सैंकड़ो की सख्या में कर्मचारी एवं अधिकरी मौजूद रहे।

## 15,000 रुपए रिश्वत लेता ए. एस. आई. विजीलैंस ब्यूरो द्वारा रंगे हाथों काबू

### पुलिस केस में पक्ष लेने के लिए मुलजिम ने पहले लिए थे 24,000 रुपए

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल-** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध शुरु की मुहिम के दौरान आज थाना सदर पट्टी, ज़िला तरन तारन में जांच अफ़सर के तौर पर तैनात सहायक सब इंस्पेक्टर ( ए. एस. आई. ) करम सिंह को 15,000 रुपए रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू किया है।

इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मुलजिम को तरन तारन के गाँव सरहाली कलां की निवासी वीरो की तरफ से दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया है कि उक्त ए. एस. आई ने उसके दामाद के ख़िलाफ़ थाना सदर में दर्ज एक पुलिस केस में उसका पक्ष लेने के बदले 65,000 रुपए रिश्वत की माँग की है। उसने आगे बताया कि उक्त मुलजिम पहले भी रिश्वत के तौर पर 24,000 रुपए ले चुका है और बाकी रकम की माँग कर रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ के उपरांत विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और उक्त मुलजिम को दो सरकारी गवाहों की हाज़री में शिकायतकर्ता से 15,000 रुपए रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच के दौरान रिश्वत के तौर पर के लिए पहली किश्त के 24, 000 रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्धी विजीलैंस ब्यूरो थाना अमृतसर रेंज में पुलिस मुलाज़ीम के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मुलजिमों को कल अदालत में पेश किया जायेगा और इस मामले की आगे वाली कार्यवाही जारी है।

## हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की रोहतक टीम ने पंचायती राज विभाग की क्लर्क निशा को 39 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की रोहतक टीम ने जिला सोनीपत के पंचायती राज विभाग में कार्यरत क्लर्क निशा को 39 हज़ार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।इस बारे में जानकारी देते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। आरोपी निशा द्वारा ठेकेदार से 11 लाख रुपये का बकाया बिल पास करने के बदले में 39,000 रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी जिसे लेते हुए एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह पूरी कार्रवाई गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए की गई।

# पंजाब पुलिस ने 72 घंटों में विश्व हिंदु परिषद के नेता का कत्ल केस सुलझाया; दो हमलावर काबू

- दो .32 बोर की पिस्तौलों समेत 16 जिंदा और 1 खाली कारतूस के साथ-साथ अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद
- वीएचपी नेता विकास प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की हत्या के पीछे पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन की हिमायत प्राप्त विदेशी हैंडलरों का हाथ : डीजीपी गौरव यादव
- इस मॉड्यूल को चलाने वाले आतंकवादी संगठन का पता लगाने के लिए जांच जारी : एसएसपी रूपनगर गुलनीत खुराना

**चंडीगढ़/रूपनगर ।** रूपनगर पुलिस ने एसएसओसी मोहाली के साथ साझे ऑपरेशन के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए नंगल आधारित विश्व हिंदु परिषद (वीएचपी) नेता के कत्ल केस में शामिल पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन की हिमायत प्राप्त आतंकवादी मॉड्यूल के दो संचालकों को गिरफ़्तार करके इस केस को 72 घंटों से भी कम समय में सुलझा लिया है। यह जानकारी आज यहाँ डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम नंगल के रेलवे रोड पर स्थित वीएचपी नंगल मंडल के प्रधान विकास प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की दुकान पर दो अनजान हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। यह हमलावर-जिसमें से एक ने हेलमेट डाला हुआ था और दूसरे ने मफ़लर के साथ मुँह ढका हुआ था-काले रंग की स्कूटी पर आए थे।



डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि इस मामले की वैज्ञानिक और योजनाबद्ध जांच के उपरात पुलिस ने दोनों हमलावरों को गिरफ़्तार कर लिया, जिनकी पहचान मनदीप कुमार उर्फ मंगी और सुरिन्दर कुमार उर्फ रिक्का के रूप में की गई। डीजीपी ने आगे बताया कि पुलिस टीमों ने उनके पास से .32 बोर के दो पिस्तौल जिसमें से एक अपराध में इस्तेमाल किया गया था, समेत 16 जिंदा कारतूस और 1 खाली कारतूस भी बरामद किए हैं। इसके अलावा अपराध में इस्तेमाल की गई टीवीएस जूपिटर स्कूटी को भी ज़ब्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन की हिमायत प्राप्त इस आतंकवादी मॉड्यूल को पुर्तगाल आधारित विदेशी हैंडलरों द्वारा संचालित, प्रेरित और फंडिंग की जा रही है।

डीजीपी ने बताया कि गिरफ़्तार किए गए शूटर मनदीप कुमार उर्फ मंगी और सुरिन्दर कुमार उर्फ रिक्का इन विदेश- आधारित हैंडलरों के प्यादे हैं, जो पाकिस्तान आधारित आतंकवादी मास्टरमाईंड के संचालक हैं। यह प्यादे पैसों का लालच देकर गिरोह में शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों शूटर एन्क्रिप्टेड ऐप्स के द्वारा विदेश-आधारित हैंडलरों के संपर्क में थे और इस कत्ल को अंजाम देने के लिए फंड और हथियारों का प्रबंध करने के अलावा व्यक्ति, जिसको टारगेट करना था, की जगह और फोटो भी उनके साथ साझी की गई थी।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस द्वारा इस जांच को तर्कपूर्ण ढंग से पूरा किया जाएगा और इस मामले में शामिल सभी मुलजिमों को गिरफ़्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि पंजाब पुलिस राज्य में अमन-शांति को कायम रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस सम्बन्धी अधिक जानकारी देते हुए एसएसपी रूपनगर गुलनीत सिंह खुराना ने बताया कि सूचना मिलते ही अलग-अलग टीमें गठित करके मामले की जांच के लिए तैनात कर दी गई थीं। उन्होंने कहा कि शूटरों की पहचान सम्बन्धी जानकारी देने के लिए 1 लाख रुपए के ईनाम का भी रखा गया था और सीसीटीवी से प्राप्त की गई मुलजिमों की तस्वीरों इलैक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया के द्वारा प्रसारित की गई थीं। उन्होंने कहा कि इस मॉड्यूल को चलाने वाले आतंकवादी संगठन का पता लगाने के लिए जांच जारी है। इस सम्बन्धी तारीख़ 13-04-2024 को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 302 एवं 34 और हथियार एक्ट की धाराओं 25 एवं 27 के अंतर्गत थाना नंगल में एफआईआर दर्ज की गई है।

## हकृवि की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य के किसानों को मिलेगा लाभ : प्रो. बी.आर. काम्बोज

- कांगो गणराज्य के प्रतिनिधिमंडल ने किया हकृवि का दौरा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की। इस बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु विस्तार से बातचीत की गई। कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधि मंडलों के मध्य हुई बैठक से अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने तेलीवाड़ा में सुनी नागरिकों की समस्याएं

- नागरिकों ने अधिकारियों के समक्ष रखी सीवरेज जाम होने की समस्या
- विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इन इलाकों में पशु डेयरी होने के चलते गोबर से अवरुद्ध हो रहे हैं नाले व सीवरेज लाईन

**भिवानी(ब्यूरो)।** डीसी नरेश नरवाल के आदेशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को वार्ड सात और आठ के लिए सैनी धर्मशाला, तेलीवाड़ा में खुला दरबार लगाया। विभाग के कार्यकारी अभियंता सुनील रंगा ने अन्य अधिकारियों के साथ नागरिकों की पेयजल और सीवरेज से संबंधित समस्याएं सुनी। इस दौरान नागरिकों ने मुख्यरूप से इस इलाके में सीवरेज नालों के जाम होने की समस्या रखी। अधिकारियों ने मौके पर जाकर सीवरेज संबंधित समस्याओं को देखा। अधिकारियों ने कहा कि नालों के अवरूद्ध होने का मुख्य कारण पशुओं को गोबर नालों में डालना है। नागरिकों को चाहिए कि वे पशुओं का गोबर नालों व सीवरेज लाईन में न डालें। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि जहां-जहां सीवरेज लाइन अवरूद्ध है, उसको खुलवा दिया जाएगा।

## भजनों व गीतों के माध्यम से भजन पार्टी द्वारा स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को किया जा रहा है मतदान करने के लिए जागरूक

### सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली ने शहर के विभिन्न बूथों के मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**भिवानी(ब्यूरो)।** जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडली द्वारा शहर के विभिन्न बूथों पर जाकर मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभाग की भजन पार्टी द्वारा स्वीप अभियान के तहत लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए चुनाव आयोग के थीम चुनाव का पर्व-देश का गर्व को लेकर नागरिकों को भजनों व लोक गीतों के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है।



जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सिंगल ने स्वीप अभियान के बारे में बताया कि विभाग की भजन पार्टी द्वारा शहर के प्रत्येक बूथ पर जाकर लोगों को मतदान करने को लेकर प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में भजन पार्टी ने सैक्टर 13, रैडक्रास भवन के नजदीक और विद्या नगर पब्लिक हैल्थ के सामने आदि स्थानों पर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विभाग की भजन पार्टी सदस्य राजेश, फूला, नरेश ने भजन व लोक गीतों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। कलाकारों ने नागरिकों को वोट के महत्व को समझाया।

डीआईपीआरओ श्री सिंगल ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर जिला में प्रत्येक विधानसभानुसार दस-दस ऐसे बूथों की सूची तैयार की गई है, जहां पर विगत लोकसभा चुनाव में सामान्य से मतदान प्रतिशत कम हुआ था। अब लोकसभा चुनाव-2024 में इन्ही बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का फोकस रखा गया है। स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी हर्षित कुमार के निर्देशानुसार शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीप अभियान के तहत विभाग के कलाकारों द्वारा नागरिकों को वोट के महत्व को समझाया जा रहा है और मतदाताओं से आह्वान किया है कि वे अपने मत का प्रयोग जरूर करें ताकि मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो। यह लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

## किसान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा: गौड़

- भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी मंडियों का दौरा कर खरीद व उठान व्यवस्था का जायजा लें

**भिवानी(ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी की किसान मोर्चा की बैठक मंगलवार को यहां भाजपा के जिला कार्यालय में मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुन्दरपाल तंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र यादव पहुंचे। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने कहा कि किसानों की फसलों की खरीद व समय पर उठान होगा। किसानों को किसी भी प्रकार से परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खरीद एजेंसियों के माध्यम से प्रत्येक किसान की फसल का दाना-दाना खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि खरीद व्यवस्था को लेकर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने की जाएगी।

मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र यादव ने किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का मार्ल्यापण के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होता है। भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। भाजपा में किसान मोर्चा का एक महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे भाजपा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये। उन्होंने कहा कि आज भाजपा व केन्द्र सरकार की नीतियों की बदौलत पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है। भाजपा के जिला अध्यक्ष सुन्दरपाल सिंह ने बैठक में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया।

## श्रीमती अरुणा आसफ अली राजकीय महाविद्यालय कालका में वूमेन सेल में व्याख्यान का आयोजन

**पंचकूला (ब्यूरो)।** श्रीमती अरुणा आसफ अली राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या प्रोमिला मलिक के नेतृत्व में वूमेन सेल में व्याख्यान का आयोजन किया गया । पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सोशल वर्क डिपार्टमेंट से रिसर्च स्कॉलर्स की एक टीम जिसमें श्री हनु गांधी, श्री शीशपाल , श्रीमती तान्या व श्रीमती प्रीति कॉलेज के विद्यार्थियों को समाज सेवा में किस तरह से अपना करियर बनाया जाए के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सोशल वर्क के क्षेत्र में पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री करने के बाद बहुत सारे विद्यार्थियों को नौकरियां आसानी से मिल जाती हैं और उन्हें समाज सेवा का काम करके एक संतुष्टि भी महसूस होती है यानी इस काम में सेवा के साथ-साथ आपको सरकारी नौकरी के अलावा अनेक कंपनियों में भी आसानी से प्लेसमेंट मिल जाती है। व्याख्यान देने वाले श्री हनु गांधी का सिलेक्शन अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर के पद पर हो चुका है जो विद्यार्थियों के लिए बहुत प्रेरणादायक था । सोशल वर्क के क्षेत्र में पंजाब यूनिवर्सिटी के साथ-साथ कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी और भिवानी व रोहतक यूनिवर्सिटीज में भी विभिन्न प्रकार के कोर्सेज उपलब्ध हैं जिन्हें करके विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकते हैं। प्रस्तुत कार्यक्रम में वूमेन सेल की इंचार्ज सुनीता चौहान, डॉ नीरू शर्मा और डॉ कविता ने भाग लिया। डॉ सविता द्वारा पंजाब यूनिवर्सिटी के रिसर्च स्कॉलर्स की टीम का परिचय करवाया गया और डॉक्टर गीता कुमारी द्वारा उनका धन्यवाद किया गया।